CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 4 ▫ रायपुर, मंगलवार 27 जनवरी 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## बैंक कर्मचारियों की हड़ताल से कामकाज ठप




**रायपुर,** 27 जनवरी (हाईवे चैनल)। देशभर में 8 लाख बैंक कर्मचारियों की हड़ताल के चलते आज सरकारी बैंकों का कामकाज प्रभावित रहा। बैंक कर्मचारी फाइव डे वर्किंग की मांग कर रहे हैं। हालांकि, निजी बैंक इस हड़ताल से प्रभावित नहीं हैं। कई सरकारी बैंकों ने पहले ही स्टॉक एक्सचेंज को जानकारी दे दी है कि हड़ताल की वजह से बैंकिंग सेवाओं पर असर पड़ सकता है।

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स (यूएफबीयू) ने इस देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। यह संगठन नौ बैंक यूनियनों का संयुक्त मंच है, जो सरकारी बैंकों के अधिकारियों और कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करता है। यह फैसला 23 जनवरी को मुख्य श्रम आयुक्त के साथ हुई बैठक में कोई समाधान न निकलने के बाद लिया गया था। इसमें भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) और बैंक ऑफ बड़ौदा जैसे बड़े सरकारी बैंक शामिल हैं। हड़ताल के कारण कैश जमा और निकासी, चेक क्लियरेंस और बैंक के रोजमर्रा के काम प्रभावित हो सकते हैं। हालांकि, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक जैसे निजी बैंक सामान्य रूप से काम करेंगे, क्योंकि उनके कर्मचारी इस हड़ताल में शामिल नहीं हैं।

### डिजिटल सेवाएं चालू

डिजिटल बैंकिंग सेवाएं जैसे यूपीआई पेमेंट और इंटरनेट बैंकिंग, सामान्य रूप से चलने की उम्मीद है। फिर भी, कुछ इलाकों में एटीएम में नकदी की उपलब्धता थोड़ी प्रभावित हुए हैं।

एसबीआई ने एक आधिकारिक जानकारी में कहा है कि सामान्य कामकाज बनाए रखने के लिए व्यवस्था की गई है, लेकिन कर्मचारियों की भागीदारी के कारण काम पर असर पड़ सकता है। एसबीआई के बयान में कहा गया है कि हड़ताल के दिन शाखाओं और कार्यालयों में कामकाज सुचारू रखने की कोशिश की गई है, फिर भी कुछ सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। बैंक यूनियनों की मुख्य मांग है कि हर शनिवार को छुट्टी घोषित की जाए। यह प्रस्ताव मार्च 2024 में 12वें द्विपक्षीय समझौते में शामिल किया गया था, लेकिन अभी तक सरकार की ओर से इसकी आधिकारिक अधिसूचना जारी नहीं हुई है।

## कार व ट्रक में हुई जबरदस्त भिड़ंत, एक की मौत 4 गंभीर, आक्रोशित ग्रामीणो ने किया चक्काजाम





- **धमतरी भखारा मार्ग पर ग्राम देमार के पास हुई सड़क दुर्घटना**
- **ब्रेकर बनाने के आश्वासन के पश्चात हुआ चक्काजाम समाप्त**

**धमतरी** 27 जनवरी (हाईवे चैनल)। आज सुबह लगभग 9.30 बजे एक दर्दनांक सड़क दुर्घटना घटी जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 4 गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर चक्का जाम कर दिया।

बता दे कि धमतरी भखारा मार्ग पर ग्राम देमार के पास कार व ट्रक में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। आज सुबह लगभग 9:30 बजे भयानक हादसा हुआ है। बताया जा रहा है कि पखांजुर के लोग रायपुर की तरफ से धमतरी की ओर आ रहे थे और ट्रक धमतरी से रायपुर की ओर जा रही थी। तभी देमार के पास आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें मौके पर ही एक बुजुर्ग की मौत हो गई चार गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें वरदान एंबुलेंस से शिवा प्रधान ने जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां पर तत्काल उपचार शुरू कर दिया गया। सूचना मिलने है ग्रामीण बड़ी संख्या में घटना स्थल पहुंचे और चक्का जाम कर दिया। जानकारी मिलने पर सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी अपने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तब तक ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया था। ग्रामीणों की एक ही मांग कि यहां पर ब्रेकर बनाया जाए। टोल बचाने के लिए बड़ी ट्रक इधर से तेज रफ्तार से गुजरती है। पीडब्ल्यूडी अधिकारी के पहुंचने के बाद आश्वासन दिया गया कि यहां पर ब्रेकर बनाया जाएगा तब लोगों ने चक्का जाम हटाया और पुलिस ने रोड क्लियर करवाया। अधिकारियों ने अर्जुनी,भखारा, कोतवाली के थाना प्रभारी को भी बुला लिया था।

**धान खरीदी पर अव्यवस्था**

## सड़क पर धान की बोरियां रख, धरने पर बैठ कांग्रेसियों ने किया चक्काजाम



- **किसानों की समस्याओं को लेकर सम्बलपुर में एनएच पर हुआ विरोध प्रदर्शन, कांग्रेसी सहित बड़ी संख्या में किसान हुए शामिल**
- **धान खरीदी को अब मात्र 3 दिन शेष, बड़ी संख्या में किसान हो रहे वंचित, सरकार पर धान खरीदी से बचने षड़यंत्र के लगे आरोप**

**धमतरी,** 27 जनवरी (हाईवे चैनल)। जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी द्वारा आज समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अव्यवस्था व किसानों को हो रही परेशानी को लेकर आज ग्राम संबलपुर के पास नेशनल हाईवे पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष तारिणी चन्द्राकर के नेतृत्व में चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसियों के साथ ही प्रभावित किसान भी उपस्थित रहे।

कांग्रेसियों ने सड़क पर धान की बोरियां रखी और सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। जिसके पश्चात वाहनों की लंबी कतार सड़क पर लग गई। कांग्रेसियों ने मांग रखी कि किसानों पर रकबा समर्पण हेतु प्रशासनिक दबाव पर रोक लगाई जाए, खरीदी केन्द्रों में लिमिट एवं खरीदी तिथि बढ़ाकर शत-प्रतिशत धान खरीदी जैसे विभिन्न मांगो को पूरा करने की मांग की। इस दौरान एएसपी शैलेन्द्र पाण्डेय, सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, एसडीएम मनीष तिवारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष तारिणी नीलम चन्द्राकर, विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक शरद लोहाना, कांग्रेस नेता आनंद पवार व पूर्व दुग्ध महासंघ अध्यक्ष विपिन साहू ने कहा कि धान खरीदी के नाम पर किसानों को साय सरकार परेशान कर रही है। धान खरीदी को अब मात्र 3 दिन बचे है। और हजारों किसान अभी भी अपनी उपज बेच नहीं पाए है। टोकन कटाने में किसानों को परेशानी हो रही है। धान की क्वालिटी खराब बता कर रिजेक्ट किया जा रहा है। काम धान खरीदा जा रहा है। साय सरकार शुरु से ही अन्नदाताओं को परेशान करने पर तुली हुई है। किसानों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार करते हुए छापेमारी कर तलाशी ली जा रही है। जबरदस्ती धान समर्पण कराया जा रहा है। ऐसे में धान खरीदी की सीमा 15 फरवरी तक बढ़ाया और व्याप्त अव्यवस्था को ठीक किया जाए। चक्काजाम के दौरान लेखराम साहू, नीलम चन्द्राकर, विजय देवांगन, मोहन लालवानी, कविता बाबर, योगेश बाबर, आनंद पवार, प्रकाश पवार, आलोक जाधव, गौतम वाधवानी, योगेश शर्मा, महिम शुक्ला, खिलेन्द्र ध्रुव, अमरदीप साहू, राजेश ठाकुर, सूरज गहरवाल, देवेन्द्र देवांगन, राकेश मौर्या गोविंद साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी व किसान मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस पर सीट को लेकर कांग्रेस-भाजपा में महाभारत, खरगे ने लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली,** 27 जनवरी (न्यूज चैनल)। गणतंत्र दिवस समारोह में बैठने की व्यवस्था को लेकर मंगलवार को भाजपा और कांग्रेस के बीच तीखी बहस हुई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा पर 2016 के विधानसभा चुनावों को देखते हुए जानबूझकर विपक्ष का अपमान करने का आरोप लगाया। कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा पर दो विपक्षी नेताओं को समारोह के दौरान तीसरी पंक्ति में बैठाकर संविधान का अपमान करने का भी आरोप लगाया। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि राहुल गांधी ने गमोसा पहना था। खाना खाते समय उन्होंने उसे मोड़कर रख दिया। भाजपा इसे मुद्दा बना रही है। गणतंत्र दिवस परेड के दौरान दो विपक्षी नेताओं को तीसरी पंक्ति में बैठाकर वे संविधान का अपमान कर रहे हैं। हम भी राज्य मंत्रियों के साथ भारत के राष्ट्रपति से मिलने के लिए कतार में खड़े थे। वे जानबूझकर विपक्ष का इतना अपमान कर रहे हैं... मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं।







CMYK